Melbourne Airport Environs Overlay

Melbourne Airport Environs Overlay क्या है और इससे मेरी संपत्ति कैसे प्रभावित होगी?

Melbourne Airport Environs Overlay (MAEO) एक योजना नियंत्रण है जिसे मेलबर्न हवाईअड्डे के निकट स्थित संपत्तियों पर विमानों के शोर से पैदा होने वाले प्रभावों को सीमित करने के लिए 2007 में विक्टोरिया सरकार द्वारा शुरू किया गया था।

MAEO मेलबर्न एयरपोर्ट मास्टर प्लान 2018 में नियोजित किए गए चार-रनवे लेआउट को प्रतिबिंबित करता है। अपडेट किया गया MAEO पहले से भी अधिक संपत्तियों के लिए लागू होगा, जिसमें ब्रिम्बैंक, ह्यूम, मेल्टन, मूनी वैली, मोरलैंड और व्हिट्टलसी के काउंसिल क्षेत्र शामिल हैं।

यदि आपकी संपत्ति के लिए MAEO लागू होता है, तो इससे यह प्रभावित हो सकता है आप अपनी ज़मीन पर क्या कर सकते/सकती हैं। पहले से निर्मित किसी भी संपत्ति में संशोधन करने की आवश्यकता नहीं है। यदि आप नए तरीके से उपयोग या पुनर्निर्माण करने की योजना बना रहे/रही हैं, तो इस बारे में अपने स्थानीय काउंसिल से बात करें कि MAEO से आपका पुनर्निर्माण कैसे प्रभावित हो सकता है। वैध निर्माण परमिटों और जमा की गई योजना परमिट के आवेदनों के लिए कुछ सीमित अपवाद लागू हैं।

भविष्य में मेलबर्न एयरपोर्ट मास्टर प्लान को प्रतिबिंबित करने के लिए MAEO को फिर से अपडेट किया जा सकता है। MAEO के इस अपडेट से प्रभावित नहीं होने वाली कुछ संपत्तियाँ भविष्य के अपडेटों से प्रभावित हो सकती हैं।

यदि आपको सहायता की आवश्यकता है, तो अनुवाद और भाषांतरण में सहायता के लिए कृपया अनुवाद और दुभाषिया सेवा [Translating and Interpreting Service (TIS)] से संपर्क करें। TIS National से 131 450 पर (ऑस्ट्रेलिया के अंदर) संपर्क करें या वेबसाइट www.tisnational.gov.au पर जाएं।

VICTORIA State Government | Environment, Land, Water and Planning

delwp.vic.gov.au

Hindi